Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# डामरीकरण करने के नाम पर करोड़ों डकारनें का मामला आया सामने

घोटाला

## सवालों के घेरे में विभाग द्वारा दून के एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार को दिया गया सड़क बनाने का काम

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के चण्डाक रोड़ के पास स्थित पाभे से चमाली गांव को जोड़ने वाली सड़क पर डामरीकरण कराने के नाम करोड़ों डकारने का मामला सामने आया है। बता दें कि इस सड़क को बनाने में करीबन तेरह करोड़ छियानब्बे हजार साढ़े चार लाख का बजट लगाया गया। अब इस सड़क पर बिछाया गया डामर घपले की भेट चढ़ गया है।

जानकारी के मुताबिक पिछले छह माह से इस सड़क को बनाने में बाहर के ठकेदार केवीएम कंस्ट्रक्शन कंपनी देहरादून को लोक निर्माण विभाग पिथौरागढ़ द्वारा इलाके की सड़क को डामरीकरण कराने व सड़क के आसपास पैराफीट बनाने से लेकर नालियां इत्यादि बनाने का काम करने का जिम्मा दिया गया। अब यह सड़क बनने के बाद सवालों के घेरे में आ चुकी है। दूसरी ओर छह माह बीत चुकने के बाद भी सड़क पर बिछाया गया



डामर, दीवारें, नाली, पेराफिट, काजवा आदि अब जर्जर हालत में आ चुके है।

जानकारी हाथ लगी है कि विभाग और ठकेदार की मिलीभगत के चलते सड़क बनाने के नाम पर घटिया सामग्री का प्रयोग कर करोड़ों रूपयों को ठिकानें लगाने का काम किया गया है। अब चमाली गांव के ग्रमीणों ने इस मामले पर विभाग व ठेकेदार द्वारा किये गये इस घपले के खिलाफ जिलाधिकारी को सूचित करने के साथ कलक्ट्रेट में जाकर प्रदर्शन करने की मांग की है।

गांव की आबादी को विभाग व ठेकेदार द्वारा सड़क बनाने के नाम पर घटिया साम्रगी लगाकर उनके साथ किये गये खिलवाड़ व पैसों की हुई बंदरबाट पर



शासन प्रशासन से जांच करायें जानें की मांग की है। गांव के गाम्रीणों का धैर्य अब जवाब देने लगा है।

गांव चमाली के गाम्रीणों ने कहा कि इस सड़क पर प्रयुक्त घटिया सामग्री अब टूट टूट कर चूर हो चुकी है। सड़क पर जगह–जगह धूल के गुबारे बनकर उड़ रहे है। वही गाव के लोगों के मन में दुर्घटना का डर बना हुआ है। वही अगर मार्ग में इस्तेमाल हुई घटिया सामग्री व संबधित ठेकेदार के खिलाफ व संबधित महकमें के इन कार्यो की अगर जांच न हुई तो इलाके के लोग सड़कों पर उतरकर जिला मुख्यालय में आकर कड़ा प्रदर्शन करेंगे।

## न्यूज डायरी

### आयोग ने आप के प्रदेश अध्यक्ष को भेजा नोटिस

**संवाददाता** देहरादून। बाल आयोग ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर और उत्तराखंड प्रभारी दिनेश मोहनिया को नोटिस भेजकर 26 नवंबर को आयोग में अपना पक्ष रखने को कहा है। आयोग ने सुनवाई के लिए दोपहर तीन बजे का समय दिया है। बाल आयोग की अध्यक्ष ऊषा नेगी ने बताया कि शिकायतकर्ता साकेत वाल्मीकी ने आयोग से शिकायत की थी कि आप द्वारा श्रम एवं सन्निकार बोर्ड के माध्यम से 12 वर्ष के बालक को श्रमिक बताकर बोर्ड के लोगो वाली साइकिल दिला दी। शिकायत के अनुसार नाबालिग का श्रमिक कार्ड बनवाना एवं बाल श्रम करवाना अधिनियम के प्रतिकूल है।

### सराफा व्यापारी से दिनदहाड़े लाखों की सोने की टप्पेबाजी

**संवाददाता** हरिद्वार। पंजाब के सराफा व्यापारी से दिनदहाड़े रेलवे रोड मार्ग पर सरेराह पुलिस कर्मी बनकर दो युवक बैग की तलाशी लेने के बहाने लाखों का सोने की टप्पेबाजी कर फरार हो गये। घटना की जानकारी बस अड्डे पर खाना खाने ढाबे पर बैठने पर बैग चौक के दौरान हुई। घटना से पीड़ित व्यापारी के होश उड़ गये। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित व्यापारी की घटना की जानकारी ली। पुलिस घटना की गम्भीरता को देखते हुए मामले से आलाधिकारियों को अवगत कराया। सूचना पर एसपी सिटी, सीओ सिटी सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और पीड़ित से जानकारी ली। पुलिस अधिकारी घटना को लेकर रेलवे रोड स्थित होटलों के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। पीड़ित व्यापारी इतना घबराया हुआ है कि घटना स्थल की भी सही जानकारी पुलिस को नहीं दे पा रहा है।

### जूना अखाड़ा पहुंचने पर दो संतों का हुआ भव्य स्वागत

**संवाददाता** हरिद्वार। श्रीज्ञानेश्वर मठ के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़े के महामण्डलेश्वर स्वामी शंकरानंद सरस्वती महाराज तथा महामण्डलेश्वर आत्मानंद सरस्वती महाराज का बुधावार जूना अखाड़ा पहुचने पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री व जूना अखाड़े के अर्न्तराष्ट्रीय सरंक्षक श्रीमहंत हरिगिरि महाराज तथा नागा सन्यासियों ने भव्य स्वागत किया। महामण्डलेश्वर स्वामी शंकरानंद सरस्वती तथा म–म–आत्मानंद सरस्वती ने अधिष्ठात्री देवी मायादेवी तथा श्रीआंनद भैरव मन्दिर में अगामी कुम्भ मेला 2021 के सकुशल सम्पन्न होने तथा विश्व को वैश्विक महामारी से मुक्त कराने के लिए विशेष पूजा अर्चना की गयी तथा विशेष अनुदान में भाग लिया।

## डीएम ने दिये शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये जाने के निर्देश

**संवाददाता** हरिद्वार। डीएम सी रविशंकर ने दीपावली एवं अन्य पर्वों के शुभ अवसर पर भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों, शहर के मिष्ठान भण्डारों आदि स्थलों पर शान्ति एंव सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जुआरियों एंव सटोरियों पर भी सतर्क दृष्टि बनाये रखने तथा दीपावाली पर्व पर आवासीय भवनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानो पर विद्युत दीप मालाओं के प्रयोग के साथ–साथ आतिशबाजी के कारण विद्युत शार्ट सर्किट आदि से आग लगने की सम्भावना के दृष्टिगत अग्निशमन दलों को सतर्क करते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। डीएम ने दीपावली पर्व के अवसर पर विद्युत संचालन एंव पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड एंव अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान को आवश्यकतानुसार अपने अधीनस्थ अधिकारियों की डयूटी भी लगाने के निर्देश दिये।

सार्वजनिक सड़कों, सार्वजानिक स्थलों, मंदिरों के आसपास साफ सफाई की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने, खाद्य सामग्रियो विशेष रूप से मावे से बनने वाली मिठाईयों इत्यादि में मिलावट की रोकथाम, माप–तोल आदि हेतु प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। विभिन्न समुदायों के बीच साम्प्रदायिक सौहार्द एवं कानून एंव शन्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु संवेदनशील स्थानों पर कड़ी नजर रखते हुये एंव विशेष सुरक्षा प्रबन्ध किये जाएं।

## सीएम ने ली राज्य व्याधि सहायता निधि के संचालक मंडल की बैठक



**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय में राज्य व्याधि सहायता निधि के संचालक मंडल की बैठक ली। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य व्याधि सहायता निधि समिति त्रिस्तरीय है। इसमें संचालक मण्डल, राज्य प्रबंधन कार्यकारिणी समिति एवं जिला प्रबंधन कार्यकारिणी समिति है। इसके तहत 11 प्रकार के घातक रोग चिह्नित किये गये हैं। राज्य में अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना शुरू होने के बाद पिछले एक वर्ष में इस निधि के लिए एक आवेदन प्राप्त हुआ है। क्योंकि अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना के तहत ये सभी रोग चिह्नित हैं। अटल आयुष्मान कार्ड से लोगों को अधिक सुविधाजनक हो रहा है। जिस वजह से राज्य व्याधि सहायता निधि में आवेदन प्राप्त नहीं हो रहे हैं। मुख्यमंत्री रावत ने इस व्यवस्था के सम्बन्ध में पुनर्विचार करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर सचिव अमित नेगी, एल फैनई, सौजन्या, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, एसए मुरूगेशन आदि उपस्थित थे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने 62 जरूरतमंद लोगों को सहायता राशि के चेक बांटे

**संवाददाता**

ऋषिकेश। धनतेरस के पर्व पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने 62 जरूरतमंद, गरीब एवं अस्वस्थ लोगों को विधानसभा अध्यक्ष विवेकाधीन कोष से 4 लाख रुपए के आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए। बैराज रोड स्थित अपने कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को धनतेरस पर्व की बधाई देते हुए कहा कि कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए वह हर पल सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि वे सभी गरीब असहाय लोगों को अपने परिवार का सदस्य मानते है एवं उनके



जरूरतमंद लोगों को सहायता राशि के चेक बांटते विस अध्यक्ष।

सुख और दुख में शामिल होना उनका कर्तव्य भी बनता है।इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अध्यक्ष विवेकाधीन कोष से दी जाने वाली राशि केवल सहायता मात्र है यह कोई योजना नहीं है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विकास के लिए शिक्षा सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पानी की व्यवस्था जरूरी है. जिसके लिए वो हर संभव प्रयास कर रहे है। कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य आम लोगों की सेवा करना तथा सभी प्रकार की सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याकारी गतिधियों का लाभ हर वर्ग के हर आम आदमी तक पहुंचाना है।

## ब्रह्मलीन साध्वी राधिकानंद सरस्वती को संतों ने दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** हरिद्वार। श्रीपंचदशनाम आनंद भैरव अखाड़ा में अखिल महामण्डलेश्वर शंकरानंद सरस्वती के सानिध्य में ब्रहमलीन महामण्डलेश्वर साध्वी राधिकानंद सरस्वती की स्मृति में श्रद्वांजलि समारोह का आयोजन किया गया। जूना अखाड़े की महामण्डलेश्वर साध्वी राधिकानंद सरस्वती का विगत दिनों मोटूंगा मुम्बई स्थित श्रीज्ञानेश्वरमठ में निधन हो गया था। महामण्डलेश्वर स्वामी विश्वेवरानंद गिरि महाराज की अध्यक्षता में तथा जूना अखाड़े के अर्न्तराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरिगिरि महाराज व महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानंद ब्रहमचारी के सयुक्त संचालन में आयोजित समारोह को देश की महान आध्यात्मिक विभूतियों तुलसी मानस मन्दिर के अधिष्ठाता महामण्डलेश्वर डॉ–साधनानंद सरस्वती महाराज, राष्टीय सचिव श्रीमहंत महेशपुरी व कई अन्य प्रतिष्ठित धर्माचार्यो ने भावमीनी श्रद्वांजलि अर्पित की। श्री ज्ञानेश्वर मठ के परमाध्यक्ष महामण्डलेंश्वर स्वामी शिवानंद सरस्वती ने श्रद्वांजलि अर्पित करते हुए कहा ब्रह्मलीन महामण्डलेश्वर साध्वी राधिकानंद सरस्वती मानस, गीता तथा वेदों की प्रकाण्ड विद्वान थी।